J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 17.01.2021

PUNJAB KESARI

सिविल इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण विज्ञान की उन्नत तकनीकों पर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

फरीदाबाद, 16 जनवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हो गया। इस स मेलन शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों, औद्योगिक विशेषज्ञों और विद्यार्थियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के समापन सत्र में उन्नात भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक तथा ग्रामीण विकास और प्रौद्योगिकी केंद्र, आईआईटी, दिल्ली से प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार विजय मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। निर्माण उद्योग विकास परिषद के वरिष्ठ सलाहकार बी. आर. चौहान विशिष्ट अतिथि रहे।

पंजाब केसरी
ई-पेपर

Sun,17 January 2021
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

NEWS CLIPPING: 17.01.2021

THE PIONEER

पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने को हमें जुड़ना होगा : प्रो. वीरेंद्र

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हो गया। इस सम्मेलन शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों, औद्योगिक विशेषज्ञों और विद्यार्थियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के समापन सत्र में उन्नात भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक तथा ग्रामीण विकास और प्रौद्योगिकी केंद्र, आईआईटी, दिल्ली से प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार विजय मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। निर्माण उद्योग विकास परिषद के वरिष्ठ सलाहकार बीआर चैहान विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय ने देश में विकास के साथ बढ़त जल एवं भूमि प्रदूषण के बारे में चिंता जताई।

NEWS CLIPPING: 17.01.2021

HINDUSTAN

विकास की दौड़ में पर्यावरण संरक्षण चुनौतीपूर्ण काम

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विकास की दौड़ में पर्यावरण संरक्षण चुनौतीपूर्ण काम है।

सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का शनिवार को समापन हो गया। इस सम्मेलन शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों, औद्योगिक विशेषज्ञों और छात्रों सहित देश के विभिन्न इलाकों से करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि देश में विकास के साथ बढ़ता जल एवं भूमि प्रदूषण चिंता का विषय है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पर्यावरण के बारे में किताबी ज्ञान पर्यावरणीय चिंता को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए संस्कृति और दर्शन को बदलना होगा।